भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 878

जिसका उत्तर 26 जून, 2019 को दिया जाना है।

5 आषाढ़, 1941 (शक)

ग्राम पंचायतों में सामान्य सेवा केन्द्र

878. श्री कनकमल कटारा :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत सरकार द्वारा साइबर सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायतों में सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) स्थापित किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में देश भर में राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी सीएससी स्थापित किए गए हैं;

(घ) क्या देश में सभी ग्राम पंचायतों में सामान्य सेवा केन्द्र स्थापित करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) और (ख) : जी, हां। ग्राम पंचायतों में साइबर सेवाओं सहित विविध सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सामान्य सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है। इनका प्रबंधन और संचालन एक विशेष प्रयोजन वाहन यानि सीएससी-एसपीवी द्वारा किया जाता है। 31 मई, 2019 की स्थिति के अनुसार देशभर में 365918 सीएससी प्रचालनरत हैं।

(ग) : 31 मई, 2019 की स्थिति के अनुसार देश में स्थापित किए गए सीएससी की स्थिति **अनुबंध- I** में दी गई है।

(घ) और **(ड.)** : व्यवहार्यता की शर्त के अध्यधीन अगस्त, 2019 तक देशभर में प्रति ग्राम पंचायत कम से कम एक सीएससी की स्थापना का प्रस्ताव है। स्थापित सीएससी की संख्या का विवरण भी **अनुबंध-I** में दिया गया है।

******

अनुबंध-I

31 मई, 2019 की स्थिति के अनुसार सीएससी के कार्यान्वयन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार स्थिति					
	कार्यात्मक सीएससी की संख्या जीपी स्तर सहित	जीपी स्तर पर कार्यात्मक सीएससी की संख्या		कार्यात्मक सीएससी की संख्या जीपी स्तर सहित	जीपी स्तर पर कार्यात्मक सीएससी की संख्या
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**31 मई 19 की स्थिति के अनुसार**	**31 मई 19 की स्थिति के अनुसार**	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**31 मई 19 की स्थिति के अनुसार**	**31 मई 19 की स्थिति के अनुसार**
आंध्र प्रदेश	9305	6560	ऊपर किया गया उप जोड	**218,256**	**158,382**
अरुणाचल प्रदेश	203	122	पंजाब	8829	6825
असम	6370	5439	राजस्थान	16148	11611
बिहार	31,758	26,012	सिक्किम	50	36
छत्तीसगढ़	14716	10,478	तमिलनाडु	10860	5936
गोवा	94	64	तेलंगाना	5206	3293
गुजरात	12582	7973	त्रिपुरा	959	764
हरियाणा	12527	8579	उत्तर प्रदेश	78,350	58,444
हिमाचल प्रदेश	3708	3253	उत्तराखंड	6405	4918
जम्मू और कश्मीर	3158	2430	पश्चिम बंगाल	18444	14,993
झारखंड	14,345	11,468	**राज्य का कुल**	**363,507**	**265,202**
कर्नाटक	8937	4646			
केरल	4004	2981	अंडमान और निकोबार	54	27
मध्य प्रदेश	29318	20,472	चंडीगढ़	84	1 1
महाराष्ट्र	51,487	35,341	दादरा और नगर हवेली	54	26
मणिपुर	803	546	दमन और दीव	39	13
मेघालय	599	491	दिल्ली	1971	0
मिजोरम	248	55	लक्षद्वीप	12	12
नगालैंड	279	40	पुदुचेरी	197	107
ओडिशा	13815	11432	**संघ राज्य क्षेत्र का कुल**	**2411**	**196**

उप कुल	**218,256**	**158,382**	**महायोग**	**365,918**	**265,398**

****